# University in News on 24 June 2024

## JAGRAN CITY PAGE III

### बीटेक, बीसीए के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक दौरा

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बी.टेक एवं बीसीए अंतिम वर्ष के 80 विद्यार्थियों ने एचसीएल कंपनी का औद्योगिक दौरा किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने आईटी इंडस्ट्री की कार्यप्रणाली, नवीनतम तकनीकों और व्यावसायिक प्रक्रियाओं की जानकारी ली। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि औद्योगिक दौरे के दौरान एचसीएल के डिप्टी मैनेजर सौरव सिंह ने तकनीकी सत्र के दौरान इंडस्ट्री के नवीनतम रुझानों, चुनौतियों और अवसरों के बारे में बताया। कंपनी की विभिन्न परियोजनाओं, उत्पादों, सेवाओं और नौकरी के अवसरों के बारे में भी जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विभागों का दौरा कर लाइव प्रोजेक्ट्स और कार्यप्रणाली को देखा। इससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव मिला। लवि कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि औद्योगिक दौरे से छात्र-छात्राओं को उद्योग की वास्तविकताओं को समझने और अपनी शैक्षणिक शिक्षा को व्यावहारिक अनुभव में बदलने का अवसर मिला।



• लवि के 80 छात्रों ने एचसीएल कंपनी में जाकर वहां की कार्यप्रणाली देखी

## AMRIT VICHAR PAGE 5

### लविवि के छात्रों ने देखी एचसीएल की तकनीकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय की प्लेसमेंट सेल ने बीटेक और बीसीए अंतिम वर्ष के 80 छात्रों को एचसीएल कंपनी का भ्रमण कराया।

प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि औद्योगिक दौरे के दौरान एचसीएल के डिप्टी मैनेजर सौरव सिंह ने तकनीकी सत्र के दौरान इंडस्ट्री के नवीनतम रुझानों, चुनौतियों और अवसरों के बारे में जानकारी दी।अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने कहा कि इस दौरे से आईटी इंडस्ट्री की कार्यप्रणाली, प्रक्रियाओं और नवीनतम तकनीकों की जानकारी मिली। साथ ही छात्रों ने रियल-टाइम प्रॉब्लम सॉल्विंग तकनीकों का अवलोकन किया। दौरे में अभियांत्रिकी संकाय के शिक्षक इंजी. प्रशांत सिंह, इंजी. पवन सिंह, इंजी. संदीप गुप्ता ने प्रतिभाग किया।

## SWATANTRA BHARAT PAGE 4

### एलयू छात्रों ने किया औद्योगिक दौरा

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा बीटेक एवं बीसीए अंतिम वर्ष के 80 छात्रों के लिए एचसीएल कंपनी, लखनऊ का औद्योगिक दौरा आयोजित किया गया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आईटी इंडस्ट्री की कार्यप्रणाली, नवीनतम तकनीकों और व्यावसायिक प्रक्रियाओं की जानकारी देना था। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ.हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि औद्योगिक दौरे के दौरान एचसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों ने छात्रों का स्वागत किया और डिप्टी मैनेजर सौरव सिंह ने तकनीकी सत्र के दौरान इंडस्ट्री के नवीनतम रुझानों,चुनौतियों और अवसरों के बारे में जानकारी दी। साथ ही कंपनी की विभिन्न परियोजनाओं, उत्पादों, सेवाओं और जॉब के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों ने विभिन्न विभागों का दौरा किया और लाइव प्रोजेक्ट्स और कार्यप्रणाली को देखा, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने कहा कि



#### छात्रों को उद्योग की वास्तविकताओं को समझने का मिला मौका : कुलपति

औद्योगिक दौरे से छात्रों को उद्योग की वास्तविकताओं को समझने और अपनी शैक्षणिक शिक्षा को व्यावहारिक अनुभव में बदलने का अवसर प्रदान हुआ। मुझे विश्वास है कि इस दौरे से हमारे छात्रों को मार्गदर्शन एवं प्रेरणा मिली, जो उन्हें अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सहायक होगी। अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो.एके सिंह ने कहा कि एचसीएल जैसे प्रतिष्ठित संस्थान का दौरा छात्रों के करियर विकास में सहायक सिद्ध होगा और यह अनुभव छात्रों को भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेगा। इस औद्योगिक दौरे ने छात्रों को इंस्पिरेशन और मोटिवेशन प्रदान किया। उन्होंने अपनी कक्षाओं में सीखे गए सिद्धांतों को वास्तविक दुनिया में लागू होते हुए देखा, जिससे उन्हें प्रैक्टिकल नॉलेज प्राप्त हुई। आईटी इंडस्ट्री की कार्यप्रणाली, प्रक्रियाओं और नवीनतम तकनीकों की जानकारी मिली, जिससे उनकी उद्योग की समझ बढ़ी। रियल-टाइम प्रॉब्लम सॉल्विंग तकनीकों का अवलोकन किया, जिससे उनकी समस्या समाधान की क्षमता में वृद्धि हुई। औद्योगिक दौरे में अभियांत्रिकी संकाय के शिक्षक इंजी.प्रशांत सिंह, इंजी.पवन सिंह, इंजी.संदीप गुप्ता एवं 80 छात्रों ने प्रतिभाग किया।

## HINDUSTAN PAGE 6

### एलयू छात्रों ने देखी आईटी कंपनी की कार्यप्रणाली

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के बीटेक एवं बीसीए अंतिम वर्ष के 80 छात्रों ने एचसीएल कम्पनी की कार्यप्रणाली देखी। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि औद्योगिक दौरे के दौरान एचसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों ने स्वागत कर डिप्टी मैनेजर सौरव सिंह ने इंडस्ट्री के नवीनतम रुझानों, चुनौतियों और अवसरों के बारे में जानकारी दी।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स ने किया औद्योगिक दौरा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के 80 बीटेक के विद्यार्थियों ने रविवार को एचसीएल का औद्योगिक दौरा किया। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि इस दौरान एचसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों ने छात्रों का स्वागत किया और डिप्टी मैनेजर सौरव सिंह ने तकनीकी सत्र के दौरान इंडस्ट्री के नवीनतम रुझानों, चुनौतियों और अवसरों के बारे में जानकारी दी। (माई सिटी रिपोर्टर)

## LOKSATYA PAGE 3

### एलयू के छात्रों का एचसीएल कंपनी में औद्योगिक दौरा

**लखनऊ, लोकसत्य।** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल ने बीटेक एवं बीसीए अंतिम वर्ष के 80 छात्रों के लिए, एचसीएल कंपनी, लखनऊ का औद्योगिक दौरा आयोजित किया गया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आईटी इंडस्ट्री की कार्यप्रणाली, नवीनतम तकनीकों और व्यावसायिक प्रक्रियाओं की जानकारी देना था। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि औद्योगिक दौरे के दौरान एचसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों ने छात्रों का स्वागत किया और डिप्टी मैनेजर सौरव सिंह ने तकनीकी सत्र के दौरान इंडस्ट्री के नवीनतम रुझानों, चुनौतियों और अवसरों के बारे में जानकारी दी, साथ ही कंपनी की विभिन्न परियोजनाओं, उत्पादों, सेवाओं और जॉब के अवसरो के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों ने



**भ्रमण**

- छात्रों ने चुनौतियों और अवसरों के बारे में जाना
- बीटेक एवं बीसीए अंतिम वर्ष के 80 छात्रों ने लिया हिस्सा

विभिन्न विभागों का दौरा किया और लाइव प्रोजेक्ट्स और कार्यप्रणाली को देखा, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने इस अवसर पर कहा कि औद्योगिक दौरे से छात्रों को उद्योग की वास्तविकताओं को समझने और अपनी शैक्षणिक शिक्षा को व्यावहारिक अनुभव में बदलने का अवसर प्रदान हुआ। मुझे विश्वास है कि इस दौरे से हमारे छात्रों को मार्गदर्शन एवं प्रेरणा मिली, जो उन्हें अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सहायक होगी। अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर ए.के सिंह ने कहा कि एचसीएल जैसे प्रतिष्ठित संस्थान का दौरा छात्रों के करियर विकास में सहायक सिद्ध होगा और यह अनुभव छात्रों को भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेगा।